पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

छठ महापर्व पर राज्यपाल जी ने प्रदेशवासियों को बधाई दी

लखनऊः 29 अक्टूबर, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सूर्य उपासना व लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर प्रदेश एवम देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि सूर्योपासना का महापर्व छठ प्रकृति, विशेषकर सूर्य व जल पर हमारी निर्भरता को स्वीकारने का भी अवसर है। मेरी कामना है कि यह त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत को सबल बनाने के साथ-साथ पर्यावरण-संरक्षण के हमारे प्रयासों को भी सुदृढ़ बनाए।

चन्द्रविजय वर्मा-सूचना अधिकारी
9044381834